सत्यमेव जयते

# अष्टादश

# बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## तारांकित प्रश्न

### वर्ग-2

मंगलवार, तिथि 14 माघ, 1947 (श०) / 03 फरवरी, 2026 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 107

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | शिक्षा विभाग | .. | .. | 38 |
| (2) | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कल्याण विभाग | .. | .. | 02 |
| (3) | कला एवं संस्कृति विभाग | .. | .. | 04 |
| (4) | समाज कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| (5) | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग | .. | .. | 07 |
| (6) | खान एवं भूतत्व विभाग | .. | .. | 05 |
| (7) | परिवहन विभाग | .. | .. | 06 |
| (8) | खेल विभाग | .. | .. | 07 |
| (9) | विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग | .. | .. | 05 |
| (10) | उच्च शिक्षा विभाग | .. | .. | 29 |
| (11) | युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग | .. | .. | 01 |
| (12) | मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग | .. | .. | 01 |
| (13) | पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग | .. | .. | 01 |
| | | | कुल योग -- | 107 |

बकाया मजदूरी का भुगतान

*1. श्री संतोष कुमार निराला (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर वन प्रक्षेत्र में वनश्रमिकों से सघन वृक्षारोपण एवं वनप्राणी संरक्षण तथा विभिन्न कार्य लिया जाता है परंतु उक्त श्रमिकों का श्रमिक भुगतान ससमय नहीं किया जाता है एवं श्रमिकों द्वारा किये गये कार्यों का लगभग 7-8 माह का श्रमिक भुगतान लम्बित है एवं वनश्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी दर से भुगतान नहीं किया जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बक्सर वन प्रक्षेत्र के वनश्रमिकों को ससमय श्रमिक एवं बकाया मजदूरी न्यूनतम मजदूरी दर के साथ भुगतान ससमय करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षकों का स्थानांतरण

*2. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शिक्षा विभाग द्वारा BPSC TRE-3 से चयनित शिक्षकों को छोड़कर अन्य सभी श्रेणी के शिक्षकों यहाँ तक कि TRE-3 के बाद नियुक्त प्रधान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक का अंतर जिला स्थानांतरण कर दिया गया है या किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अन्य शिक्षक संवर्गों की तरह TRE-3 से चयनित शिक्षकों को भी उनके गृह जिला से 300 से 400 किलो मीटर की दूरी पर पदस्थापित किया गया है, जिससे उनका पारिवारिक और शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार TRE-3 से चयनित शिक्षकों को अंतर-जिला स्थानांतरण कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज खोलना

*3. मोहम्मद मुर्शिद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड में कोई डिग्री कॉलेज नहीं है, जिसके कारण उक्त प्रखंड के लगभग 70 प्रतिशत छात्र-छात्राएँ 12वीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ देते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जोकीहाट प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*4. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड के कांटाकोश और नगर पंचायत के पास से गंगा नदी के किनारे से प्रतिदिन मिट्टी का अवैध उत्खनन कर ट्रकों से ढोया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक इस अवैध खनन को रोकने संबंधी आवश्यक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी निर्माण कराना

*5. मो0 सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सुकरना में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण बच्चों को विद्यालय में ठहराव में काफी परेशानी आती है और हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षा प्रेरक के समायोजन करना

*6. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा बिहार में शिक्षा प्रेरक के पद का सृजन किया गया था और कुल 19000 शिक्षा प्रेरकों को इस कार्य के लिए जवाबदेही दी गई थी, जिन्हें 31 मार्च, 2018 से कार्य से हटा दिया गया हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त शिक्षा प्रेरक से सरकार साक्षर भारत मिशन कार्यक्रम के अलावा मानव श्रृंखला, नशा मुक्ति कार्यक्रम, आधार सीडिंग जनगणना एन0पी0आर0ब्लू0, पल्स पोलियो जैसी योजना में कार्य करवा चुकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन अनुभवी शिक्षा प्रेरकों के समायोजन का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज की स्थापना

*7. श्री फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत सिकरहना अनुमंडल के ढाका प्रखंड में हर साल इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद हजारों छात्र-छात्राएँ डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि ढाका प्रखंड में इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद डिग्री कॉलेज नहीं होने के कारण जिला मुख्यालय में जाकर पढ़ाई करने में आर्थिक और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सिकरहना अनुमंडल के ढाका प्रखंड में जगह चिह्नित कर सरकारी डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

एजुकेशन सिटी के रूप में विकसित करना

*8. श्री रोहित पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार विशेष कर पूर्वी बिहार, भागलपुर प्रखंडल में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी संस्थानों की सीमित उपलब्धता के कारण बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अन्य राज्यों में पलायन करने के कारण उन पर आर्थिक एवं सामाजिक बोझ बढ़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर ट्रिपल आई0आई0टी0 (I.I.T), कृषि विश्वविद्यालय एवं इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे प्रमुख संस्थान पहले से स्थापित है, जिसके कारण यह क्षेत्र एजुकेशन हब/आई0 टी0 हब कि रूप में विकसित होने की पूरी क्षमता रखता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भागलपुर को एजुकेशन सिटी के रूप में विकसित करने की कार्य योजना बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज की स्थापना

*9. श्री अतिरेक कुमार (क्षेत्र संख्या-78 कुशेश्वरस्थान)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान एवं कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंडों में कोई डिग्री कॉलेज नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण उक्त क्षेत्र के छात्राओं को अध्ययन हेतु अधिक दूरी तय करना पड़ता है और कभी-कभी इस कारण पढ़ाई भी छूट जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में डिग्री कॉलेज की स्थापना करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम के निर्माण के संबंध में

*10. श्रीमती कोमल सिंह (क्षेत्र संख्या-88 गायघाट)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि युवाओं के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेलकूद को प्रोत्साहन देने हेतु सरकार द्वारा प्रत्येक प्रखंड में स्टेडियम निर्माण की घोषणा की गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गायघाट विधान सभा अन्तर्गत गायघाट प्रखंड, बन्दरा प्रखंड में आजतक स्टेडियम का निर्माण नहीं हो सका है ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त स्टेडियम के निर्माण हेतु 15 एकड़ भूमि उपलब्धता संबंधित प्रतिवेदन भी प्राप्त है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कार्य कराना

*11. श्री संजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-76 सिमरी बख्तियारपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सिमरी बख्तियारपुर विधान सभा के अन्तर्गत प्रखंड मोहमदपुर के पंचायत स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ है एवं पेयजल व विद्यालय भवन में अतिरिक्त कमरा नहीं रहने के कारण पठन-पाठन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था के साथ अतिरिक्त कमरों तथा चहारदीवारी के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बस का परिचालन कराना

*12. श्री जिवेश कुमार (क्षेत्र संख्या-87 जाले)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि परिवहन विभाग की अधिसूचना संख्या 413, दिनांक 23 जनवरी, 2023 के द्वारा दरभंगा जिला के 03 रूट पर बस परिचालन हेतु अधिसूचित किया गया था, जिसका रूट कोड 5434, 5435 तथा 5436 है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रूट के अधिसूचित होने के 02 वर्ष बाद उक्त दो रूट पर बस का परिचालन कराया गया है, परन्तु वर्तमान समय में उक्त किसी भी रूट पर बस का परिचालन नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी रूटों पर सरकारी बस का परिचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना

*13. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के गुरारू प्रखंडान्तर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, सोनडीहा में छात्र/छात्राओं को पढ़ने के लिए बेंच-डेस्क एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं का आभाव है, यदि हाँ, तो सरकार गुरारू प्रखंडान्तर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, सोनडीहा में बेंच-डेस्क एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा कबतक उपलब्ध कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन निर्माण करना

*14. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत प्रखंड-रूपौली के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, महाबल्ला में भवन निर्माण हेतु आधारभूत संरचना निगम लिमिटेड से निविदा प्रक्रिया सम्पन्न के उपरान्त विद्यालय परिसर में कमलेश, किसकौ कम्पनी, पटना के द्वारा अक्टूबर, 2020 में कार्य प्रारंभ किया गया है, परंतु संवेदक द्वारा प्रथम तल का आधा-अधूरा निर्माण कार्य कराकर विभागीय मिली-भगत से सरकारी राशि का उठाव कर लिया गया है, जिससे उक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन करने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त संवेदक पर विधिसम्मत कार्रवाई एवं भवन निर्माण कार्य कबतक पूरा कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नियुक्ति करना

*15. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला के लिये शिक्षा विभाग के ज्ञापांक 10/सिमु0-06/2017-1355 पटना, दिनांक 14 दिसम्बर, 2021 द्वारा 127 शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की स्थायी नियुक्ति हेतु पदसृजन संबंधित संकल्प निर्गत किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य मंत्रिपरिषद् द्वारा उक्त विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के 150 पदों की स्वीकृति के बावजूद आजतक इनकी नियुक्ति नहीं हो पाई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त आवासीय विद्यालय में बच्चों के समुचित पठन-पाठन हेतु स्वीकृत पदों पर शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों की स्थायी नियुक्ति कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डिग्री कॉलेज की स्थापना

*16. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार की घोषित नीति के अनुसार प्रत्येक प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना की जानी है परंतु पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत केसरिया विधान सभा क्षेत्र के केसरिया प्रखंड एवं संग्रामपुर प्रखंड में अभीतक डिग्री कॉलेज की स्थापना नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक केसरिया एवं संग्रामपुर प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

आय सीमा को समाप्त करना

*17. श्री मनोज विश्वास (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में कर्पूरी छात्रावास पिछड़ा आवासीय विद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त छात्रावास में छात्र/छात्राओं के नामांकन तीन लाख प्रतिवर्ष आय से नीचे जीवन बसर करने वालों का होता है, जबकि एक गरीब परिवार का औसत आय तीन लाख रुपये से कम नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कर्पूरी छात्रावास पिछड़ा आवासीय विद्यालय में आय की सीमा को समाप्त कर पिछड़ा वर्ग के मेधावी छात्र/छात्राओं को कर्पूरी छात्रावास पिछड़ा आवासीय विद्यालय में नामांकन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सरकारी डिग्री कॉलेज खुलवाने हेतु

*18. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत कल्याणपुर विधान सभा क्षेत्र के कल्याणपुर एवं कोटवा प्रखंड में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है, जिससे बच्चों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु जिला मुख्यालय मोतिहारी या अन्य जगहों पर जाना पड़ता है, जिससे बच्चों को आने-जाने में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित प्रखंडों में डिग्री कॉलेज स्थापित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नीलगायों से मुक्ति दिलाना

*19. श्री आदित्य कुमार (क्षेत्र संख्या-92 सकरा)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखंडान्तर्गत डिहूली इशहाक, रूपनपट्टी सहित अन्य पंचायतों में नीलगायों द्वारा प्रत्येक वर्ष हजारों एकड़ में लगे फसल को बर्बाद किये जाने से इसका असर वहां के किसानों पर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सकरा प्रखंडान्तर्गत उक्त पंचायतों के किसानों को नीलगायों से मुक्ति दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

डिग्री कॉलेज की स्थापना

*20. श्री आलोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज संचालित नहीं है, जबकि यह क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से विस्तृत एवं जनसंख्या की दृष्टि से महत्वपूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी डिग्री कॉलेज के आभाव में इस विधान सभा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु दूरस्थ प्रखंडों अथवा अन्य जिलों में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दिनारा विधान सभा क्षेत्र में एक सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि बढ़ाना

*21. श्री राजेश कुमार उर्फ बब्लू गुप्ता (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली में प्रतिवर्ष सांस्कृतिक कैलेण्डर में शामिल वन शक्ति माई पूर्वी चम्पारण मोतिहारी महोत्सव मनाया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वन शक्ति माई महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं और पिछले साल इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए 200000/- (दो लाख) रुपये मात्र स्वीकृत किया गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्तमान वर्ष में वन शक्ति माई महोत्सव के आयोजन हेतु स्वीकृत राशि को बढ़ा कर 500000/- (पाँच लाख) रुपया करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना

*22. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां)--क्या मंत्री, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत बोचहां विधान सभा में एक भी पॉलिटेक्निक कॉलेज नहीं रहने से बच्चों को तकनीकी पढ़ाई करने में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार बोचहां विधान सभा क्षेत्र में एक पॉलिटेक्निक कॉलेज कबतक खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

वर्ग कक्ष एवं चहारदीवारी निर्माण कार्य

*23. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया प्रखंड अंतर्गत राघोपुर पंचायत में स्थित +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, राघोपुर में भवन एवं चहारदीवारी नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय में भवन तथा चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विश्वविद्यालय स्थापित कराना

*24. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के प्रत्येक प्रमंडल मुख्यालय में अपना विश्वविद्यालय है, परंतु सहरसा एक मात्र प्रमंडल मुख्यालय है, जहाँ अपना विश्वविद्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सहरसा मुख्यालय में एक विश्वविद्यालय बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्टेडियम का निर्माण

*25. श्री मुरारी प्रसाद गौतम (क्षेत्र संख्या-207 चेनारी)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के सभी प्रखंडों में स्टेडियम निर्माण कराने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला अंतर्गत चेनारी विधान सभा क्षेत्र में 4 प्रखंड चेनारी, शिवसागर, रोहतास एवं नौहट्टा है, किन्तु अभीतक किसी एक भी प्रखंड में स्टेडियम का निर्माण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज बनवाने हेतु

*26. श्री मिथुन कुमार (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत जगदीशपुर प्रखण्ड में एक भी डिग्री कॉलेज नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि जगदीशपुर प्रखण्ड में प्रखण्ड कार्यालय के सामने शिक्षा विभाग का लगभग 8 बीघा से ज्यादा जमीन खाली पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त खाली पड़े जमीन पर डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*27. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216, जहानाबाद)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिलान्तर्गत राजकीयकृत इन्टर विद्यालय, रकसिया दयालचक का चहारदीवारी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राजकीयकृत इन्टर विद्यालय, रकसिया दयालचक का चहारदीवारी की मापी गत एक वर्ष पहले योजना लेखा से संबंधित अभियंता द्वारा की गयी थी, लेकिन अभीतक निर्माण नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय का चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बस स्टैंड बनाना

*28. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-221 नबीनगर )--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के बारूण प्रखंड मुख्यालय में बस स्टैण्ड नहीं होने के कारण जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बारूण प्रखंड मुख्यालय में बस स्टैण्ड निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार

*29. सुश्री मैथिली ठाकुर (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर विधान सभा क्षेत्र के तारडीह प्रखंड में अवस्थित राजकीय +2 सीनालाल उच्च विद्यालय, नदियामी का भवन जर्जर एवं दयनीय स्थिति में है जिस कारण छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में काफी असुविधा होती है तथा आये दिन दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा राजकीय/राजकीयकृत माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के भवन/कमरों की मैपिंग कराने का निदेश वित्तीय वर्ष 2023-24 में ही दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार कराते हुये मॉडल विद्यालय में परिवर्तित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*30. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत ''बंधुआ पहाड़ी'' में पत्थर खनन पर रोक लगी हुई है, साथ ही किसी को खनन पट्टा निर्गत नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि खनन माफिया एवं प्रशासन के मिली-भगत से अवैध खनन लगातार किया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अवैध खनन पर अविलम्ब रोक लगाने एवं दोषी पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*31. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा नगर परिषद् के प्राथमिक विद्यालय का भवन पूर्णतः जर्जर हो चुका है, जिससे कभी भी अप्रिय घटना घटित होने की स्थिति बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार रोसड़ा नगर परिषद् स्थित उक्त प्राथमिक विद्यालय के स्थान पर नया भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्राथमिक विद्यालय की स्थापना

*32. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड फतेहपुर के ग्राम पंचायत निमी अन्तर्गत ग्राम-डाढ़ा केनरचक की जनसंख्या 1300 है एवं ग्राम पंचायत जयपुर के ग्राम-मझंगाँवा की जनसंख्या 650 रहने के बावजूद भी प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम पंचायत निमी के ग्राम-डाढ़ा केनरचक एवं ग्राम पंचायत जयपुर के ग्राम-मझंगांवा में नये प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की स्वीकृति का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

महोत्सव मनाना

*33. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भगवान महावीर ने सादा जीवन उच्च विचार, जीयो और जीने दो का संदेश दिया है एवं इनके जन्मदिन को महावीर जयंती के रूप में उत्सव की भाँति मनाया जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक ज्ञान का प्रकाश फैलाने वाले भगवान महावीर की जयंती को राज्य सरकार के संरक्षण में महोत्सव के रूप में मनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

बस पड़ाव का निर्माण

*34. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कुर्सेला बाजार से एन०एच०-31 एवं एन०एच०-77 गुजरती है, यहां बस पड़ाव नहीं होने के कारण सड़क किनारे ही गाड़ी खड़ी रहती है, जिसके कारण बाजार में जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कुर्सेला बाजार में बस पड़ाव का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

निर्माण कराना

*35. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के वन्द्वार पंचायत में उत्क्रमित उच्च माध्यमिक (+2) विद्यालय, वन्द्वार का नये भवन का निर्माण लगभग 2 करोड़ के राशि से हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्यालय का मेन गेट एवं चहारदीवारी नहीं होने से असामाजिक तत्वों एवं आवारा पशुओं का आना-जाना लगा रहता है, जिससे छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय के मेन गेट एवं चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्नातकोत्तर (PG) की पढ़ाई संचालित कराना

*36. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत दीवान बहादुर कामेश्वर नारायण कॉलेज (DBKN), नरहन में सिर्फ हिन्दी विषय की स्नातकोत्तर (PG) की पढ़ाई संचालित है, जबकि विज्ञान, कला एवं वाणिज्य विषयों में पी०जी० की पढ़ाई नहीं होने के कारण अधिकांश छात्र पी०जी० की पढ़ाई से वंचित या निजी कॉलेजों या दूसरे राज्यों में पलायन को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो सरकार दीवान बहादुर कामेश्वर नारायण कॉलेज में उक्त वर्णित विषयों में भी स्नातकोत्तर (PG) की पढ़ाई संचालित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

आम रास्ता उपलब्ध कराना

*37. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखंड के अमरपुर में उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आने-जाने के लिये आम रास्ता नहीं रहने के कारण विद्यार्थियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है,यदि हाँ, तो सरकार कबतक उत्क्रमित मध्य विद्यालय, अमरपुर में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों के लिये आम रास्ता उपलब्ध कराने हेतु कौन-सी कदम कबतक उठाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

वेतन भुगतान के सम्बन्ध में

*38. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि परमेश्वरी वीणा संस्कृत महाविद्यालय अन्दराठारी, मधुबनी कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय का वित्त सहित सम्बद्ध महाविद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार ने अपने पत्रांक-1663, दिनांक 24 जून, 2022 द्वारा बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 के धारा-35 (2) के तहत नियुक्ति पूर्व अनुमति दी थी तथा अनुमति से पूर्व अपने पत्रांक-1521, दिनांक 15 जून, 2022 द्वारा आरक्षण रोस्टर संधारण पंजी का समीक्षा किया गया था, फिर भी नियुक्त शिक्षकों का वेतन नहीं दिया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त महाविद्यालय में नियुक्त शिक्षकों को वेतन का भुगतान कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

सुरक्षा सुनिश्चित करना

*39. श्री रितुराज कुमार (क्षेत्र-संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य में निजी कोचिंग संस्थानों एवं उनसे संबद्ध छात्रावासों (होस्टलों) के नियमन हेतु वर्तमान में कोई प्रभावी व्यवस्था लागू नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इनके पंजीकरण, शुल्क नियंत्रण तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियम/कानून लाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज का निर्माण

*40. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के डोभी प्रखंड अंतर्गत छात्र-छात्राओं को स्नातक का शिक्षा प्राप्त करने हेतु एक भी डिग्री कॉलेज प्रखंड में नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड डोभी में डिग्री कॉलेज नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को 35 कि0मी0 दूरी तय करके गयाजी जाने के कारण खासकर के छात्राओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में प्रखंड डोभी में डिग्री कॉलेज का निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज की स्थापना

*41. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के रक्सौल विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत आदापुर प्रखंड एक सीमावर्ती क्षेत्र है, जहाँ वर्तमान में एक भी अंगीभूत डिग्री कॉलेज नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आदापुर प्रखंड के हजारों छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा (B.A./B.Sc/B.Com) के लिए रक्सौल, मोतिहारी या अन्य शहरों में जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर और खासकर छात्राओं की शिक्षा बीच में छूट जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आदापुर प्रखंड में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री महाविद्यालय का निर्माण

*42. श्री विष्णु देव पासवान (क्षेत्र संख्या-107 दरौली)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अंतर्गत दरौली प्रखंड में इंटर की परीक्षा उर्तीण करने के बाद छात्र-छात्राओं को डिग्री महाविद्यालय नहीं रहने के कारण उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कठिनाई होती है और उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में डिग्री महाविद्यालय का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सभा भवन का निर्माण

*43. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबुबरही)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखंड के जे0सी0के0एल0 उच्च विद्यालय खाजेडीह में उपलब्ध भूमि पर सभा भवन के निर्माण हेतु पत्रांक 03/मा0शि0/अधि0443/2024/2094, दिनांक 23 सितम्बर, 2024 को किए गए अनुरोध के बावजूद अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उच्च विद्यालय में एक सभा भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*44. मो0 कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड द्वारा निविदा आमंत्रित कर किशनगंज जिला के उच्च माध्यमिक विद्यालय जालू चौक में 16 कमरे के भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2014 में आरंभ किया गया था जो अबतक अपूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के निर्माण में संवेदक एवं कार्यकारी एजेंसी के इंजीनियर की मिली-भगत से घोर अनियमितता एवं प्राक्कलन में निहित प्रावधानों की अनदेखी की गई, जिस कारण निर्माणाधीन अवधि में ही भवन के छत से पानी का रिसाव प्रारंभ हो गया था ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त निर्माण कार्य की जाँच कराकर दोषी के विरूध कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वर्ग कक्षा का निर्माण

*45. श्री रणविजय साहु (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिले के ताजपुर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय कस्बे आहर उर्दू दरगाह रोड ताजपुर में छात्र-छात्राओं के अनुपात में वर्ग कक्ष तथा रसोई घर नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन एवं भोजन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में छात्र-छात्राओं के अनुपात में वर्ग कक्ष के साथ रसोई घर का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन निर्माण कराना

*46. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया प्रखंड अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय, भेरखिया वार्ड नं0 1 का भवन नहीं होने से स्थानीय छोटे बच्चों के पठन-पाठन में कठिनाई होती है और उन्हें लगभग 2 कि0मी0 दूर मध्य विद्यालय भेरखिया में पढ़ने जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित भवनहीन विद्यालय में शीघ्र भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

आँगनबाड़ी केंद्रों का भवन निर्माण

*47. श्री राधा चरण साह (क्षेत्र संख्या-192 संदेश)--क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला में कुल 3000 आँगनबाड़ी केंद्र स्वीकृत है, इनमें से सिर्फ 539 आँगनबाड़ी केंद्रों के पास ही अपना भवन है, यदि हाँ, तो क्या सरकार शेष आँगनबाड़ी केंद्रों का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्नातकोत्तर शिक्षा

*48. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ़)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूरे रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में स्नातकोत्तर महाविद्यालय नहीं होने के कारण छात्रों को स्नातकोत्तर शिक्षा हेतु साठ कि0मी0 दूर गयाजी या उत्तर प्रदेश राज्य में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र में स्थापित महाविद्यालयों में कबतक स्नातकोत्तर शिक्षा शुरू करने का विचार रखती है ?

--------

कार्रवाई करना

*49. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रैयती भूमि से निजी कार्य/घरेलू कार्य हेतु मिट्टी काटने पर किसी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला अंतर्गत अमौर प्रखंड के मौजा पैठान टोली, थाना नं0 155, खाता नं0 165, खेसरा नं0 751, 757 से रैयत श्री आरिफ अपने निज-भूमि से घरेलू कार्य हेतु मिट्टी काट रहा था फिर भी विभाग द्वारा उनका ट्रैक्टर जिसका नं0 BR-11L-8801 को जप्त कर अमौर थाने में 7 दिन से रखा गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रैयतों को प्रताड़ित करने वाले अधिकारियों/कर्मियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री महाविद्यालय खोलना

*50. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत एक भी डिग्री महाविद्यालय नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार नरपतगंज में डिग्री महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों

डिग्री महाविद्यालय की स्थापना

*51. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारसलीगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट अभिभाषण में राज्य के सभी प्रखंडों में डिग्री महाविद्यालय स्थापना की घोषणा के आलोक में सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के पत्रांक 15/पी5-22/2025, दिनांक 9 अप्रील, 2025 द्वारा राज्य के सभी जिला पदाधिकारी को भूमि चिन्हित करवाने हेतु पत्राचार किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड वारसलीगंज एवं पकरीवरावाँ में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना के लिये अभीतक किसी भी भूमि को चिन्हित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार द्वारा नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड वारसलीगंज एवं पकरीवरावाँ में अबतक भूमि चिन्हित नहीं, करने का क्या औचित्य है ?

--------

कार्रवाई करना

*52. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गोह प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत झिकटिया के घोटा ग्राम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय स्थापित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त मध्य विद्यालय को उच्चतर मध्य विद्यालय में उत्क्रमित नहीं होने से आसपास के 10 गाँवों के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है जबकि उच्च विद्यालय के स्थापना के लिए यहाँ खाता नं0 135 प्लॉट नं0 424 में 47 डी0 ओर 62 डी0 जमीन विद्यालय में उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जनहित में सरकार कबतक उपरोक्त मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती हैं, एवं नहीं, तो क्यों ?

--------

प्रशिक्षण केन्द्र का पुनः संचालन

*53. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना अंतर्गत मधुबनी जिला में विद्यालय कोटि से +2 केजरीवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय, झंझारपुर में 2014 से संचालित एकलव्य राज्य आवासीय फुटबॉल (बालक) प्रशिक्षण केन्द्र को बंद कर दिए जाने के कारण खिलाड़ियों में निराशा व्याप्त हो गई है जबकि यहाँ से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का उदय भी हुआ है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विद्यालय कोटि से +2 केजरीवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय झंझारपुर में बंद एकलव्य राज्य आवासीय फुटबॉल (बालक) प्रशिक्षण केन्द्र को पुनः संचालित कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*54. श्री माधव आनंद (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पण्डौल प्रखंड के बेलाही पंचायत सहित कई गाँवों में नीलगाय तथा बंदरों के उत्पाद के कारण हजारों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो जाती है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान होता हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त समस्या के समाधान हेतु उचित कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज का स्थापना

*55. श्री भाई बिरेंद्र (क्षेत्र संख्या-187 मनेर)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत प्रखंड मनेर में डिगी कॉलेज स्थापित नहीं रहने से स्थानीय छात्र-छात्राओं उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में डिग्री कॉलेज स्थापित कर संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

शिक्षक/शिक्षकेतर की नियुक्ति

*56. श्री देवेश कांत सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरियाकोठी)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिला अंतर्गत गोरियाकोठी प्रखंड के पंचायत गोरियाकोठी में स्थित जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा की अंगीभूत इकाई नारायण महाविद्यालय, गोरियाकोठी में वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान तथा अर्थशास्त्र में स्वीकृत पदों पर एक भी शिक्षक कार्यरत नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त महाविद्यालय में शिक्षकेतर कर्मचारियों का 47 पद स्वीकृत है, जबकि वर्तमान में स्वीकृत पदों की तुलना में मात्र 4 ही शिक्षकेतर कर्मचारी कार्यरत हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नारायण महाविद्यालय, गोरियाकोठी (सिवान) में शिक्षक/शिक्षकेतर कर्मचारियों के रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति/पदस्थापन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*57. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत नगर पंचायत पुनपुन के वार्ड नं०-01 के ग्राम-मनोरह के महादलित टोला में झुग्गी-झोपड़ी में विद्यालय संचालित हैं जिसमें पढ़ने वाले बच्चों की संख्या लगभग 200 हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस विद्यालय के छत पर बच्चे पढ़ते हैं, जिसकी छत एवं छत पर बाउंडरी आधी-अधूरी बनी है जिससे हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ग्राम-मनोरह के महादलित टोला के झुग्गी-झोपड़ी में संचालित विद्यालय के अधूरी छत का निर्माण के साथ छत की घेराबंदी कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सरैया में डिग्री कॉलेज की मांग

*58. श्री शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-97 पारू)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सरैया में आजादी के 7 दशक बाद भी कोई सरकारी डिग्री कॉलेज नहीं है, जिसके कारण छात्राओं को उच्च शिक्षा छोड़नी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार सरैया में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अवैध मिट्टी एवं बालू खनन पर रोक

*59. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बलरामपुर विधान सभा क्षेत्र के किरोरा पंचायत अंतर्गत डंगराहा ब्रिज के महानंदा नदी में अवैध मिट्टी एवं बालू खनन की घटनाएँ लगातार सामने आ रही हैं, जिससे न केवल पर्यावरणीय क्षति हो रही है बल्कि राजस्व की भी हानि हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार द्वारा उक्त समस्या पर प्रभावी नियंत्रण हेतु अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

डिग्री कॉलेज खोलना

*60. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में सन्हौला एवं गोराडीह जैसे बड़े प्रखंडों में राजकीय डिग्री कॉलेज न होने के कारण ग्रामीण क्षेत्र की छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु 30-40 किलोमीटर दूर भागलपुर या कहलगाँव जाना पड़ता है, जिससे उनकी शिक्षा बाधित होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ''सात निश्चय-3'' के तहत इन प्रखंडों में डिग्री कॉलेज खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण

*61. श्री आलोक कुमार मेहता (क्षेत्र संख्या-134 उजियारपुर)--क्या मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के दलसिंहसराय प्रखंड अंतर्गत पांड़ पंचायत में पांड़-पांडव स्थान पर प्राचीन भग्नावशेष अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग 25-30 वर्ष पूर्व उस स्थान की खुदाई सरकार द्वारा करायी गयी थी, जिसमें हजारों वर्ष पुरानी पुरातात्विक अवशेष प्राप्त हुवे थे जो पटना संग्रहालय में सुरक्षित रखे हैं एवं वर्तमान में इस स्थान की खुदाई बंद है और यह स्थान पुरातात्विक दृष्टिकोण से कोई रख-रखाव व्यवस्था नहीं रहने के कारण असुरक्षित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान को संरक्षित कर पुराने अवशेषों की खुदाई कराकर प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित कर पुराने अवशेषों की खुदाई कराकर प्राचीन संस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय भवन का निर्माण

*62. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत सोनो प्रखंड के ग्राम-कुसैया एवं ग्राम-बिंझी में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना आजतक नहीं हो पायी है, जिससे दोनों गांवों के छात्र-छात्राएं प्रारम्भिक शिक्षा से वंचित हो रहे हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित दोनों गांवों में प्रत्येक की जनसंख्या 5000 से अधिक है एवं वहां के छात्र-छात्राओं को अध्ययन हेतु सुदूर स्थित विद्यालय जाना पड़ता है जिसकी दूरी 05 कि०मी० के लगभग है, जिससे छात्र-छात्राओं की आवागमन में भय बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित दोनों गांवों में प्राथमिक विद्यालयों की स्थापना के साथ विद्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

विद्यालय का उत्क्रमण

*63. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दुल्हिनबाजार प्रखंड में स्थित उर्दू कन्या प्राथमिक विद्यालय, नबीनगर संचालित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यहाँ उर्दू कन्या मध्य विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्राओं को आगे की पढ़ाई करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और इसकी वजह से उनकी पढ़ाई अवरूद्ध हो रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उर्दू कन्या प्राथमिक विद्यालय, नबीनगर को उत्क्रमित कर उर्दू कन्या मध्य विद्यालय, नबीनगर बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

स्टेडियम निर्माण कराना

*64. मो० मुर्शीद आलम (क्षेत्र संख्या-50 जोकीहाट)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत जोकीहाट प्रखंड में खिलाड़ियों के खेलकूद तथा अभ्यास करने हेतु स्टेडियम नहीं है जिसके कारण उक्त प्रखंड के खिलाड़ियों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जबकि उक्त प्रखंड के उदाहाट हाई स्कूल मैदान में स्टेडियम निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार उदाहाट हाई स्कूल मैदान में कबतक स्टेडियम निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का निर्माण

*65. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनसाही प्रखंड अन्तर्गत चित्तौड़िया पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बीच चित्तौड़िया और प्राथमिक विद्यालय, गुमटी टोला किसान चौक की चहारदीवारी नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त विद्यालयों के चहारदीवारी निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्थापना कराना

*66. मो० सरवर आलम (क्षेत्र संख्या-55 कोचाधामन)--क्या मंत्री, युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड में एक भी सरकारी आई०टी०आई० कॉलेज नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंड में आई०टी०आई० कॉलेज नहीं रहने से गरीब बच्चे तकनीकी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंड में सरकारी आई०टी०आई० कॉलेज की स्थापना कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

डिग्री कॉलेज के संबंध में

*67. श्री सुजीत कुमार (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ाबौराम विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत 34 पंचायत में कहीं भी डिग्री कॉलेज नहीं है, जिसके कारण उच्च शिक्षा में छात्र एवं छात्राओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार गौड़ाबौराम प्रखंड में डिग्री कॉलेज के स्थापना का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सरकारी बसों के परिचालन

*68. श्री फैसल रहमान (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अन्तर्गत घोड़ासहन प्रखंड के जमुनिया बॉर्डर, ढाका प्रखंड चैनपुर बाजार और ढाका प्रखंड से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आवश्यक कार्यों से मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, पटना की यात्रा करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि यात्रियों के लिये सरकारी बसों के परिचालन नहीं होने से निजी बसों से यात्रा करते हैं जहां उनसे मनमाना किराया वसूला जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घोड़ासहन प्रखंड के जमुनिया बॉर्डर, ढाका प्रखंड चैनपुर बाजार और ढ़ाका प्रखंड के भंडार से मोतिहारी-मुजफ्फरपुर-पटना के लिये सरकारी बसों के परिचालन की स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

छात्रवृत्ति उपलब्ध कराना

*69. श्री रोहित पांडेय (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले में 2024-2025 एवं 2025-2026 के लिये आवेदन करने वाले कुल 41,537 मैट्रिक उत्तीर्ण छात्रा-छात्राएँ अबतक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति से वंचित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आर्थिक रूप से कमजोर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजति, पिछड़े वर्ग एवं ई० बी०सी० वर्ग के हजारों मेधावी छात्र-छात्राएँ संस्थानों, विश्वविद्यालयों द्वारा सत्यापन एवं

प्रक्रिया पूर्ण नहीं किये जाने के कारण छात्रवृत्ति राशि प्राप्त नहीं होने से उच्च शिक्षा से जुड़ने में असमर्थ हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लंबित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति की राशि छात्रों को उपलब्ध कराने के साथ विलंब के लिये दोषी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निबंधन कार्यालय स्थापित कराना

*70. श्री अतिरेक कुमार (क्षेत्र संख्या-78 कुशेश्वरस्थान (अ०जा०))--क्या मंत्री, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान में निबंधन कार्यालय नहीं है जिसके कारण उक्त क्षेत्र के लोगों को अधिक दूरी तय कर निबंधन कराना पड़ता है, जिससे उन्हें कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार दरभंगा जिले के कुशेश्वरस्थान में अवर निबंधन कार्यालय स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

विद्यालय की स्थापना

*71. श्री उपेन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-225 गुरूआ)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के गुरारू प्रखंड अन्तर्गत पंचायत घटेरा ग्राम-दशरथ बिगहा में प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण महादलित छात्र/छात्राओं को प्राथमिक स्तर तक की शिक्षा प्राप्त करने हेतु तीन से चार कि०मी० दूर अन्य गाँव के विद्यालय में जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार गुरारू प्रखंड अन्तर्गत पंचायत घटेरा ग्राम-दशरथ बिगहा में कबतक प्राथमिक विद्यालय की स्थापना कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

चहारदीवारी निर्माण करना

*72. श्री कलाधर प्रसाद मंडल (क्षेत्र संख्या-60 रूपौली)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत प्रखंड-भवानीपुर स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सोन्दीप में चहारदीवारी निर्माण नहीं होने के कारण विद्यालय के संसाधन एवं पठन-पाठन करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों को कठिनाइयाँ होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित विद्यालय की चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

लार्ड मिण्टो टावर का जीर्णोद्धार

*73. श्री दामोदर रावत (क्षेत्र संख्या-242 झाझा)--क्या मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिलान्तर्गत गिद्धौर शहर के बीचोंबीच अवस्थित ऐतिहासिक धरोहर 'लार्ड मिण्टो टावर' को बिहार सरकार के अधिसूचना संख्या-30, दिनांक 6 नवम्बर, 2014 द्वारा संरक्षित स्थल घोषित किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि संरक्षित स्थल घोषित होने के बावजूद समुचित रख-रखाव नहीं होने से दिनोंदिन लार्ड मिण्टो टावर की स्थिति दयनीय होती रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संरक्षित स्थल घोषित लार्ड मिण्टो टावर के जीर्णोद्धार का कार्य यथाशीघ्र करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

रात्रि प्रहरियों के मानदेय में वृद्धि

*74. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में उच्च विद्यालय के रात्रि प्रहरियों का मानदेय 5000 से बढ़ाकर 10000 रूपये कर दिया गया है परंतु मध्य विद्यालय के रात्रि प्रहरियों का मानदेय नहीं बढ़ाया गया है जबकि काम की प्रकृति दोनों की समान है, यदि हाँ, तो क्या सरकार मध्य विद्यालय के रात्रि प्रहरियों का भी मानदेय 10000 रूपये करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

छात्रावास का निर्माण

*75. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत कल्याणपुर विधान सभा के कोटवा प्रखंड में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए एक भी छात्रावास नहीं है जिससे वहां के छात्रों को पठन-पाठन में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कोटवा प्रखंड में छात्रावास का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

वायु प्रदूषण नियंत्रण

*76. श्री आदित्य कुमार (क्षेत्र संख्या-92 सकरा)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत कांटी थर्मल पावर स्टेशन से निकलने वाला छाई का डस्ट हवा के माध्यम से आस-पास के फलदार पेड़ के पत्तों पर जमा हो रहा है जिसके कारण आस-पास के फलदार पौधों में फल कम लगने एवं वायु प्रदूषित होने की काफी शिकायतें मिल रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार इस पर नियंत्रण हेतु कारगर कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज की स्थापना

*77. श्री आलोक कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत वर्तमान में एक भी सरकारी डिग्री कॉलेज संचालित नहीं है, जबकि यह क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से विस्तृत एवं जनसंख्या की दृष्टि से महत्वपूर्ण है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी डिग्री कॉलेज के अभाव में इस विधान सभा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु दूरस्थ प्रखंडों अथवा अन्य जिलों में जाना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दिनारा विधान सभा क्षेत्र में एक सरकारी डिग्री कॉलेज की स्थापना कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पार्क का निर्माण

*78. श्रीमती बेबी कुमारी (क्षेत्र संख्या-91 बोचहां)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत बोचहां विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत कोई पार्क नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ पर्यावरण के विचार को ध्यान में रखते हुए जनहित में दिघरा पुल के पास गंडक नहर की अनुपयोगी पड़ी भूमि में से 10 एकड़ भू-भाग पर पार्क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

वर्ग कक्ष एवं चहारदीवारी का निर्माण

*79. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला के चिरैया प्रखंड अंतर्गत सरौगढ़ पंचायत में स्थित +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, सरौगढ़ में भवन एवं चहारदीवारी नहीं है, जिससे छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त +2 उच्च माध्यमिक विद्यालय, सरौगढ़ में भवन तथा चहारदीवारी का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

तारामंडल बनाना

*80. श्री इन्द्रजीत प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य का चौथा तारामंडल जमुई जिला में बनाने का निर्णय वर्ष 2022-23 में सरकार द्वारा लिया गया है, जिसके लिए जमुई के सिकहरिया में उपलब्ध जमीन चिन्हित कर वर्ष 2024 में विभागीय मंजूरी हेतु भेजा गया है, परंतु विभाग द्वारा अभी तक स्वीकृति प्रदान नहीं करने का क्या औचित्य है ?

--------

बकाया भुगतान एवं समान प्रावधान

*81. श्री राहुल कुमार (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत गौतम बुद्ध हाई स्कूल, हाई स्कूल नेहालपुर सहित लगभग सभी स्कूलों में कार्यरत कुछ शिक्षकों का मूल वेतन का 10% एवं कुछ शिक्षकों को मूल वेतन का 5% मकान किराया भत्ता के रूप में दिया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिले के बहुतेरे शिक्षकों को सुनिश्चित वृद्धि योजना (MACP) 2010 के तहत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय प्रोन्नति का लाभ प्रदान किया गया, परंतु अंतर वेतन बकाया का भुगतान नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार एक विद्यालय में पदस्थापित सभी शिक्षकों का मकान किराया भत्ता का समान प्रावधान करने एवं सुनिश्चित वेतन वृद्धि योजना के तहत शिक्षकों का बकाया राशि का भुगतान करने का विचार रखती है ? हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*82. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-221 नवीनगर)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के नवीनगर प्रखण्ड मुख्यालय में अनुग्रह नारायण स्टेडियम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उसमें सिर्फ घेराबंदी किया हुआ है और वह स्टेडियम के स्वरूप में नहीं है, बैठने एवं अन्य सुविधा का घोर अभाव है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्टेडियम पूर्ण व्यवस्था के साथ निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

स्टेडियम का निर्माण

*83. सुश्री मैथिली ठाकुर (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत अलीनगर विधान सभा क्षेत्र के घनश्यामपुर एवं तारडीह प्रखंड में स्टेडियम नहीं है, जिसके कारण खिलाड़ी अपनी प्रतिभाओं से वंचित रह जाते हैं, साथ ही राज्य एवं जिला स्तर पर खेल का आयोजन नहीं हो पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अन्तर्गत प्रत्येक प्रखंड में स्टेडियम निर्माण के प्रावधान तथा पर्याप्त जमीन उपलब्ध होने के बावजूद उक्त प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण नहीं हो सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में स्टेडियम का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*84. श्री वीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया-फतेहपुर मुख्य पथ से ढुंगेश्वरी मंदिर जाने वाले पथ का उपयोग आम जनता एवं देशी-विदेशी पर्यटक आने-जाने में प्रयोग करते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में शिवम ब्रिक्स (ईंट भट्ठा) के द्वारा अत्यधिक प्रदूषण फैलाया जा रहा है, जिससे आम जनता एवं पर्यटक बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार प्रदूषण फैलाने वाले शिवम ब्रिक्स पर कबतक कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

प्राथमिक विद्यालय की स्थापना

*85. श्री कुमार सर्वजीत (क्षेत्र संख्या-229 बोधगया)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड टनकुप्पा के ग्राम पंचायत बहसा पिपरा के ग्राम-अकलबिगहा की जनसंख्या 590 है एवं ग्राम पंचायत भेटौरा के ग्राम-भगवानपुर की जनसंख्या 750 रहने के बावजूद भी प्राथमिक विद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार ग्राम पंचायत बहसा पिपरा के ग्राम-अकलबिगहा एवं ग्राम पंचायत भेटौरा के ग्राम-भगवानपुर में नये प्राथमिक विद्यालय की स्थापना का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

नगर वन की स्थापना

*86. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि हरित आवरण की कमी के कारण पर्यावरण असंतुलन, बढ़ते तापमान एवं वायु प्रदूषण की समस्या निरंतर बढ़ रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शहरी क्षेत्र में नगर वन की स्थापना से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित सार्वजनिक हरित स्थल उपलब्ध हो सकता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जल संरक्षण एवं जैव विविधता को बढ़ावा देने हेतु पूर्णियाँ नगर क्षेत्र में नगर वन की स्थापना कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवासीय विद्यालय की स्थापना

*87. श्री बिजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी विधान सभा क्षेत्र के बरारी एवं समेली प्रखण्ड में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखण्डों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए आवासीय विद्यालय बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्पोर्ट्स सिटी में विकसित करना

*88. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, खेल विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के अनेक खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर राज्य एवं देश के नाम रौशन किया है, परन्तु जिले में अबतक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप खेल संसाधनों की समुचित व्यवस्था नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले में प्रतिभावान खिलाड़ियों की प्रचुरता होने के बावजूद, आधुनिक फिटनेस लैब, इन्डोर एरीना और वैज्ञानिक प्रशिक्षण जैसी सुविधाओं से युक्त 'स्पोर्ट्स सिटी' का अभाव है, जिसके कारण उनकी प्रतिभा का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बेगूसराय जिले में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का 'स्पोर्ट्स सिटी' विकसित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

वृत्ति उन्नयन योजना का लाभ

*89. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि डॉ0 देवनारायण यादव, पूर्व निदेशक, मिथिला स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान दरभंगा की नियुक्ति दिनांक 12 फरवरी, 2004 को हुई थी, जिन्हें सेवा सम्पुष्टि विभागीय पत्रांक 402, दिनांक 19 मार्च, 2021 द्वारा दिनांक 12 फरवरी, 2006 से की जा चुकी है, इसके बावजूद अभी तक वृत्ति उन्नयन योजना का लाभ नहीं दी गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त संबंध में संस्थान कार्यालय के पत्रांक 297, दिनांक 09 जून, 2018, पत्रांक 154, दिनांक 28 मार्च, 2019, पत्रांक 291, दिनांक 3 अक्टूबर, 2019, पत्रांक 176, दिनांक 03 सितम्बर, 2021 एवं पत्रांक 196, दिनांक 04 नवम्बर, 2022 के द्वारा वृत्ति उन्नयन योजना का लाभ देने हेतु लिखा जा चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दिनांक 12 फरवरी, 2014 से प्रथम रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना (एम0ए0सी0पी0) का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

आम रास्ता उपलब्ध कराना

*90. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत खरीक प्रखंड के गोटखरीक में प्राथमिक विद्यालय, गोटखरीक है जहाँ आने-जाने के लिए आम रास्ता नहीं है, जिससे बच्चों को विद्यालय जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक प्राथमिक विद्यालय, गोटखरीक में पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों के लिए आम रास्ता उपलब्ध कराने के लिए कबतक कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

बकाया पेंशन भुगतान

*91. श्री विनय कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-80 बेनीपुर)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त कर्मियों के बकाया और पेंशन भुगतान के लिए जो राशि दी थी उसमें से एक सौ बहत्तर करोड़ रुपया का आवंटन किया गया जो विश्वविद्यालय के खाता में बचा हुआ है, फिर भी सेवानिवृत्त कर्मियों के बकाया और पेंशन का भुगतान नहीं की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विश्वविद्यालय के पास वर्ष 2024 से उपलब्ध राशि से सेवानिवृत्त कर्मियों का बकाया और पेंशन का भुगतान नहीं किये जाने से सेवानिवृत्त कर्मियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार सेवानिवृत्त कर्मियों के बकाया एवं पेंशन राशि का भुगतान कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय में निर्माण

*92. श्री उदय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गयाजी जिला के प्रखंड डोभी अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय खपीया, केषापी सहित अन्य विद्यालय के भवन में कमरों की संख्या कम रहने के कारण बच्चों का पठन-पाठन बाधित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त विद्यालयों में कमरों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

डिग्री कॉलेज का स्थापना

*93. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबुबरही)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत लदनियाँ प्रखंड में डिग्री कॉलेज हेतु पंचायत महथा में छपकी से महथा जाने वाली सड़क के बगल में 08 बीघा, 07 धूर सरकारी (शिक्षा विभाग) जमीन उपलब्ध है, जिसका खाता 365, खेसरा 1447/1448, रकबा 2-5-8 एवं 6-5-8 है, जो वर्तमान में परती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित भूमि पर प्रस्तावित डिग्री कॉलेज की स्थापना करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का निर्माण

*94. मो0 कमरूल होदा (क्षेत्र संख्या-54 किशनगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखंड-पोठिया अन्तर्गत उच्च विद्यालय, छतरगाछ में 1970 ईस्वी में निर्मित 9 कमरे का भवन की भौतिक स्थिति जर्जर हो गई है और विगत 5 वर्षों से उक्त भवन में पठन-पाठन बंद है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर भवन को ध्वस्त कर नये भवन बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कमरों एवं चहारदीवारी का निर्माण

*95. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, शिक्षा (माध्यमिक) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिले के मोरवा प्रखंड अन्तर्गत बनवीरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नामांकित छात्रों की संख्या 467 है और कुल कमरों की संख्या 3 है तथा प्राथमिक विद्यालय, सारंगपुर गोपालपुर में चहारदीवारी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि छात्रों के अनुपात में मानक के अनुसर वर्ग कक्ष के नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है तथा उक्त प्राथमिक विद्यालय में चहारदीवारी नहीं रहने से छात्र-छात्राएँ एवं शिक्षक असुरक्षित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक मानक के अनुरूप छात्रों के अनुपात में वर्ग कक्षा का निर्माण एवं चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन निर्माण कराना

*96. श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पीपरा)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के चकिया प्रखंड अन्तर्गत उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, वनझूला में लगभग 500 छात्र-छात्राएँ नामांकित है एवं मात्र दो कमरा है जिससे पठन-पाठन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित विद्यालय में शीघ्र भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

महाविद्यालय स्थापित करना

*97. श्री सतीश कुमार सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रामगढ़ विधान सभा क्षेत्र के दुर्गावती एवं नुआँव प्रखंड में एक भी सरकारी महाविद्यालय नहीं रहने के कारण छात्र/छात्राओं को पठन-पाठन में काफी कठिनाई होती है तथा छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए गयाजी या उत्तर प्रदेश राज्य में चालीस किलो मीटर दूर जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में कबतक सरकारी महाविद्यालय स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*98. श्री अखतरूल ईमान (क्षेत्र संख्या-56 अमौर)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत बैसा प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय, चन्दवार में +2 भवन का निर्माण कार्य वर्ष 2022 में प्रारंभ हुआ था परंतु 3 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी विभागीय उदासीनता एवं संवेदक के लापरवाही के कारण उक्त भवन का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं किया जा सका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त विद्यालय में +2 भवन का निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूर्ण नहीं करने वाले संवेदकों पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अवैध मिट्टी खनन रोकना

*99. श्रीमती देवंती यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नरपतगंज विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत फारबिसगंज सहरसा रेलवे लाईन से दक्षिण 17 नंबर डिस्ट्रिक्ट बोर्ड से उत्तर पीबीसी नहर एवं कमला धार के समीप अवैध मिट्टी खनन किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध मिट्टी खनन कर बाजार में बेचा रहा है, जिसके कारण उक्त स्थान पर स्थित पीबीसी बाँध अवैध मिट्टी खनन से क्षतिग्रस्त हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर अवैध मिट्टी खनन रोककर दोषियों पर कार्रवाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय भवन का निर्माण

*100. श्रीमती अनीता (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत प्रखंड पकरीबरावाँ में महन्थ गणेश दतपुरी राजकीय इण्टर विद्यालय, ढोढा में मात्र तीन कमरे रहने के कारण छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार महन्थ गणेश दतपुरी राजकीय इण्टर विद्यालय, ढोढा में 10 कमरे का नया भवन निर्माण करवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*101. श्री अमरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के गोह विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत कोई डिग्री महाविद्यालय नहीं होने से छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में काफी कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि गोह प्रखंड अंतर्गत देवकुण्ड में डिग्री महाविद्यालय के स्थापना हेतु जमीन उपलब्ध है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में गोह के देवकुण्ड में डिग्री महाविद्यालय स्थापित कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बसों का परिचालन

*102. श्री नीतीश मिश्रा (क्षेत्र संख्या-38 झंझारपुर)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि झंझारपुर (मधुबनी) के निकटवर्ती क्षेत्रों से पथ परिवहन निगम (बी0एस0आर0टी0सी0) की बसों का परिचालन नहीं किये जाने से आम यात्रियों को दरभंगा एवं पटना आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लखनौर प्रखंड के तमुरिया से मधेपुर प्रखंड के भीठ भगवानपुर से तथा झंझारपुर प्रखंड के इमादपट्टी से उपर्युक्त तीनों रूटों की सरकारी बसों को झंझारपुर होते हुए पटना तक परिचालन कराना जनहित में आवश्यक है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार झंझारपुर के उक्त जगहों से सरकारी बसों का परिचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

चहारदीवारी का निर्माण

*103. श्री माधव आनंद (क्षेत्र संख्या-36 मधुबनी)--क्या मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत पण्डौल प्रखंड के श्रीपुरहाटी दक्षिण पंचायत स्थित +2 उ0उ0मा0, विद्यालय में चहारदीवारी निर्माण नहीं होने के कारण अवांछित तत्वों के प्रवेश से पठन-पाठन में व्यवधान उत्पन्न होते रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में चहारदीवारी का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?.

--------

कार्रवाई करना

*104. श्री श्याम रजक (क्षेत्र संख्या-188 फुलवारी)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला अंतर्गत फुलवारी प्रखंड के ग्राम इस्माईलपुर का त्रिमूर्ति महाविद्यालय स्नातक स्तर तक पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय संबंधन प्राप्त महाविद्यालय है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस महाविद्यालय में पुस्तकालय/लैब की व्यवस्था नहीं है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस महाविद्यालय में पुस्तकालय/लैब की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पिंक बस सेवा शुरू कराना

*105. श्रीमती संगीता देवी (क्षेत्र संख्या-65 बलरामपुर)--क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बारसोई से कटिहार के बीच प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएँ एवं छात्राएँ यात्रा करती हैं पर, उन्हें सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार महिलाओं की सुरक्षित, सुलभ एवं सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उक्त मार्ग पर केवल महिलाओं के लिए 'पिंक बस' के संचालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*106. श्री शुभानंद मुकेश (क्षेत्र संख्या-155 कहलगांव)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अंतर्गत इण्टरस्तरीय राष्ट्रीय उच्च विद्यालय, सनोखर हाट में +2 भवन के निर्माण हेतु पूर्व में निर्गत अग्रिम राशि में से रू0 26,00,000 की अव्यवहृत राशि विभागीय निदेश के आलोक में दिनांक 19 अक्टूबर, 2010 को कोषागार में वापस जमा कर दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त राशि वापसी के पश्चात आजतक विद्यालय के +2 भवन निर्माण हेतु पुन: राशि आवंटित नहीं की गई, जबकि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की संख्या लगातार बढ़ रही है एवं भवन के अभाव के कारण विद्यालय संचालन एवं पठन-पाठन कार्य प्रभावित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त विद्यालय में +2 मॉडल भवन के निर्माण हेतु नए सिरे से प्राक्कलन तैयार कर बजट आवंटन करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्यालय का उत्क्रमण

*107. श्रीमती सावित्री देवी (क्षेत्र संख्या-243 चकाई)--क्या मंत्री, शिक्षा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला अंतर्गत प्रखंड चकाई के चौफला पंचायत से +2 उच्च शिक्षा ग्रहण करने हेतु छात्र-छात्राओं को 15 कि0मी0 दूर जाना पड़ता है, जिससे अधिकतर विद्यार्थी +2 शिक्षा से वंचित हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत महादलित एवं आदिवासी बाहुल इलाका होने के साथ जंगल एवं पहाड़ से घिरा है जिस कारण छात्र-छात्राओं को आवागमन में भय बना रहता है, साथ ही उक्त पंचायत मुख्यालय में छाता मध्य विद्यालय अवस्थित है जो उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने की सभी अर्हताएँ पूरी करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार छात्र-छात्राओं के हित में उपर्युक्त वर्णित मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में उत्क्रमित करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पटना:
दिनांक 03 फरवरी, 2026 (ई०)।

डॉ० ख्याति सिंह,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा।

बि०स०मु० 11(एल०ए०) 2025-26 डी०टी०पी० 550

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा मुद्रित
2026